# जो बोएगा वही पाएगा तेरा किया आगे आएगा लिरिक्स

जो बोएगा वही पाएगा,
तेरा किया आगे आएगा,
सुख दुख है क्या फल कर्मो का,
जैसी करनी वैसी भरनी,
जैसी करनी वैसी भरनी।bd।

---

सबसे बड़ी पूजा है,
मात पिता की सेवा,
किस्मत वालो को ही,
मिलता है ये मौका,
हाथ से अपने खो मत देना,
मौका ये खिदमत का,
जन्नत का दर खुल जाएगा,
तेरा किया आगे आएगा,
सुख दुख है क्या फल कर्मो का,
जैसी करनी वैसी भरनी,
जैसी करनी वैसी भरनी।bd।

---

चाहे ना पूजे मूरत,
चाहे ना तीरथ जाए,
मात पिता के तन में,
सारे देव समाए,
तू इनका दिल खुश रखे तो,
ईश्वर खुश हो जाए,
भगवान तुझको मिल जाएगा,
तेरा किया आगे आएगा,
सुख दुख है क्या फल कर्मो का,
जैसी करनी वैसी भरनी,
जैसी करनी वैसी भरनी।bd।

---

जो बोएगा वही पाएगा,
तेरा किया आगे आएगा,
सुख दुख है क्या फल कर्मो का,
जैसी करनी वैसी भरनी,
जैसी करनी वैसी भरनी।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इंटरनेट के भी मुफ्त में मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com